# रणजीत टाइम्स

इंदौर
गुरुवार, 26 मार्च, 2026
वर्ष 02 | अंक 78 कुल पृष्ठ : 8 | Digital
RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


## दिल्ली पुलिस की बड़ी कार्रवाई, आर्म्स ट्रैफिकिंग मॉड्यूल का पर्दाफाश

# पाक-नेपाल से विदेशी हथियारों की तस्करी, 10 गिरफ्तार

**नईदिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। क्राइम ब्रांच ने एक बड़े अंतरराष्ट्रीय आर्म्स ट्रैफिकिंग मॉड्यूल का पर्दाफाश करते हुए 10 तस्करों को गिरफ्तार किया है। इन पास से सब-मशीन गन सहित 21 विदेशी अत्याधुनिक हथियार बरामद हुए हैं। जांच में सामने आय है कि यह पूरा नेटवर्क पुरानी दिल्ली से ऑपरेट हो रहा था और इसके तार पाकिस्तान, नेपाल और बांग्लादेश तक जुड़े हुए थे। क्राइम ब्रांच ने 21 विदेशी हथियार



बरामद किए। जिनमें सब-मशीन गन, पीएक्स-5.7 पिस्तौल, पीएक्स-3 पिस्तौल, शैडो पिस्तौल, बेरेटा पिस्तौल, टॉरस पिस्तौल और वाल्थर पिस्तौल शामिल हैं। पीएक्स-5.7 पिस्तौल का बरामद होना चिंता का विषय है, क्योंकि इस पिस्तौल का इस्तेमाल विशेष रूप से स्पेशल फोर्सेज द्वारा किया जाता है। इस मॉड्यूल को दिल्ली के वॉल सिटी इलाके से ऑपरेट किया जा रहा था। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि इन हथियारों को पाकिस्तान से भारत में तस्करी कर लाया जा रहा था। ये हथियार पाकिस्तान के जरिए नेपाल बॉर्डर होते हुए आते थे। इन हथियारों को दिल्ली-एनसीआर और देश के अन्य राज्यों में सक्रिय आपराधिक गिरोहों को आपूर्ति की जा रही थी।



**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जन्मदिवस के अवसर पर आज मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएँ दीं।

## भोपाल में ट्रैक्टर ट्रॉली से टकराई कार, 3 की मौत

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में एसयूवी कार और ट्रैक्टर की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई, वहीं एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना देर रात बैरसिया रोड पर निपानिया जाट के पास हुई। एक अधिकारी ने बताया कि भोपाल से बैरसिया की ओर तेज रफ़्तार से जा रही एसयूवी और विपरीत दिशा से आ रही अनाज से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली की आमने-सामने टक्कर हो गई। मृतकों की पहचान हर्ष मेहरा (23), सतीश मेहरा (22) और लकी कुशवाहा के रूप में हुई है।

## रेप केस में फरार चल रहे पंजाब के आप विधायक हरमीत सिंह ग्वालियर से गिरफ्तार

**पटियाला. एजेंसी**

लंबे समय से फरार चल रहे सनौर विधानसभा क्षेत्र के विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा आखिरकार को मध्य प्रदेश के ग्वालियर के पास से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस गिरफ्तारी की पुष्टि पटियाला के एसएसपी वरुण शर्मा ने की है। विधायक पठानमाजरा के खिलाफ पटियाला के सिविल लाइन थाने में एक महिला की शिकायत के आधार पर शारीरिक शोषण के गंभीर आरोपों के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामला दर्ज होने के बाद से ही पुलिस उनकी तलाश कर रही थी। पुलिस ने पहले हरियाणा के एक गांव में छापेमारी की थी, लेकिन वे वहां से बच निकलने में कामयाब रहे। फरारी के दौरान पठानमाजरा ने इंटरनेट मीडिया पर लगातार वीडियो पोस्ट किए ताकि ऐसा लगे कि वे विदेश में हैं। हालांकि, पुलिस की तकनीकी जांच और गुप्त सूचनाओं ने उनकी लोकेशन मध्य प्रदेश में ट्रेस कर ली। एसएसपी वरुण शर्मा के अनुसार, पटियाला पुलिस की विशेष टीम ने पीछा करते हुए ग्वालियर इलाके से उन्हें काबू किया।

## जन्मदिन पर वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व पहुंचे सीएम

**रणजीत टाइम्स**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपने जन्मदिन पर आज वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व पहुंचे। यहां उन्होंने बामनेर नदी में 13 कछुए छोड़ें। इसके अलावा टाइगर रिजर्व में चीतों के पुनर्वास के लिए बनाए जा रहे सॉफ्ट रिलीज बाड़े का भूमिपूजन भी किया।

वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व क्षेत्रफल में प्रदेश का सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व है। दमोह सागर

### बामनेर नदी में छोड़े कछुए

और नरसिंहपुर जिले के 72 गांवों को जोड़ते हुए कुल क्षेत्रफल 2339 वर्ग किलोमीटर में फैला है। प्रदेश का यह 7वां और भारत का 54वां टाइगर रिजर्व है। वर्ष 2023 में इसे टाइगर रिजर्व घोषित किया गया था। इस क्षेत्र को मुख्य रूप से भेड़ियों की भूमि माना जाता है, टाइगर रिजर्व में चीतों के लिए अनुकूल भूमि उपलब्ध है।

# बंगाल चुनाव में फिश पॉलिटिक्स... नेताओं में 'मछली प्रेमी' दिखने की होड़

**कोलकाता. एजेंसी**

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव प्रचार में फिश यानी मछली के साथ नए मुद्दे की एंट्री हो चुकी है। तृणमूल कांग्रेस की ओर से बीजेपी को बाहरी यानी गैर बंगालियों की पार्टी बताए जाने के बाद भगवा पार्टी के कैंडिडेट मछली के साथ कैंपेनिंग कर रहे हैं। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य, दक्षिण कोलकाता की रासबिहारी सीट से उम्मीदवार स्वप्न दासगुप्ता और शिबपुर के कैंडिडेट एक्टर रुद्रनील घोष लंच के दौरान ऑन स्क्रीन मछली खाते नजर आए।

कोलकाता के बिधाननगर में बीजेपी कैंडिडेट शरदवत मुखोपाध्याय तो एक बहुत बड़ी मछली लेकर कैंपेन करने निकल पड़े।चुनाव में मछली अचानक प्रचार का हिस्सा नहीं बनी। इसकी शुरुआत फरवरी में हुई थी। बिहार के डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने एक बयान दिया, जिसमें उन्होंने



कहा कि एनडीए सरकार खुले में और बिना लाइसेंस के मांस बेचने पर रोक लगा देगी। इसके अलावा उन्होंने धार्मिक स्थलों और शिक्षा संस्थानों के आसपास मछली-मांस बेचने पर प्रतिबंध की पैरवी की। उनके इस ऐलान की बिहार में ज्यादा प्रतिक्रिया नहीं हुई, लेकिन टीएमसी ने बंगाल में इसे लपक लिया। 17 फरवरी को सीएम ममता बनर्जी ने चुनावी सभा में कहा कि बीजेपी अगर सत्ता में आई तो बाजार में मछली और मांस नहीं बिकेगा। उन्होंने कहा कि बीजेपी बंगाल की संस्कृति को नहीं जानती है क्योंकि वह बाहरी पार्टी है।

फिर तृणमूल कांग्रेस ने मछली को बंगाली अस्मिता से जोड़कर बीजेपी के लिए गैर बंगाली पार्टी का नैरेटिव गढ़ना शुरू किया। टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी ने भी इस नैरेटिव को हवा दी। उन्होंने आरोप लगाया कि अगर बीजेपी सत्ता में आई तो मछली और मांस की बिक्री रोक देगी। उन्होंने टीएमसी समर्थकों से बीजेपी नेताओं का स्वागत मछली, मांस और अंडे से बने मेन्यू से करने की अपील भी कर दी। पॉलिटिकल एक्सपर्ट मानते हैं कि बंगाल में मछली सिर्फ बंगालियों की फूड हैबिट से जुड़ा नहीं है, बल्कि यह सामाजिक-सांस्कृतिक तौर से रचा-बसा है। बंगाल की संस्कृति में मछली को शुभ माना जाता है। इससे पहले कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में भगवद गीता के श्लोकों के सामूहिक पाठ के दौरान आयोजन स्थल पर चिकन पैटी बेचने वालों दो फेरीवालों से बीजेपी कार्यकर्ताओं ने मारपीट की थी। टीएमसी ने इसे भी बीजेपी के नॉनवेज विरोध से जोड़कर पेश किया। पार्टी ने बीजेपी के परिवर्तन यात्रा के समापन पर कार्यकर्ताओं को दिए गए लंच में मछली गायब होने को भी मुद्दा बना दिया।

### बीजेपी बोली - जो चाहे खा सकते हैं

मछली को मुद्दा बनता देख बंगाल बीजेपी के नेता खुद मैदान में उतरे। प्रदेश अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने कहा कि क्या कोई बंगाली बिना मछली और मटन के जिंदा रह सकता है? यह संभव ही नहीं है। मछली के साथ कैंपेन करने वाले शरदवत मुखोपाध्याय ने कहा कि टीएमसी गलत जानकारी फैला रही है। हम जो चाहें खा सकते हैं। मछली, मटन और चिकन। उन्होंने दावा किया कि बंगालियों के लिए मछली–मांस संस्कृति और धार्मिक मान्यताओं के पूरी तरह से अनुरूप है।

# आम आदमी की घेराबंदी युद्ध, मौसम और बाजार का गठजोड़

नवजीवन की नहीं, बल्कि एक ऐसे मौन तूफान की कहानी कह रही है, जिसने भारत के आम घर की रसोई से लेकर खेत की मेड़ तक हर सांस को भारी कर दिया है। एक ओर पश्चिम एशिया में युद्ध की आग भड़क रही है, तो दूसरी ओर धरती पर तपता सूरज और बेमौसम बरसते ओले किसान की उम्मीदों को कुचल रहे हैं। इन सबके बीच एमएसपी को लेकर सुलगता असंतोष उस आग में घी डालने का काम कर रहा है। यह सिर्फ खबरों का विषय नहीं, बल्कि हर उस परिवार की हकीकत है जिसकी थाली और आजीविका इन संकटों से सीधे जुड़ी है।

रसोई का चूल्हा, जो हर घर की धड़कन होता है, आज अनिश्चितता के धुएं में घिरा हुआ है। ईरान के आसपास बढ़े तनाव और हॉर्मुज जैसे महत्वपूर्ण मार्गों पर आई बाधा ने एलपीजी आपूर्ति की रीढ़ हिला दी है। सिलेंडर की कीमतें आम आदमी की पहुंच से बाहर जाती दिख रही हैं और कई जगहों पर काला बाजार अपने चरम पर है। छोटे ढाबे, होटल और ठेले वाले, जो शहरों की जीवंतता का हिस्सा हैं, अब अपने चूल्हे बुझाने को मजबूर हो रहे हैं। महिलाओं की दिनचर्या, जो गैस के इर्द-गिर्द चलती थी, अब इंतजार और चिंता में बदल गई है।

# थाना चन्दन नगर पुलिस की बडी कार्यवाही

## गैस सिलेण्डर की कालाबाजारी करने वाला तस्कर चन्दन नगर पुलिस की गिरफ्तर मे आरोपी शाहरुख से 8 गैस सिलेण्डर सहित घटना मे प्रयुक्त आटो रिक्शा जप्त तय कीमत से अधिक कीमत मे कर रहा था सिलेण्डर की कालाबाजारी

**खुशबू श्रीवास्तव**

इंदौर शहर में गैस सिलेण्डर के अवैध भण्डारण , परिवहन एवं कालाबाजारी के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय इन्दौर श्री संतोष कुमार सिंह अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री अमित सिंह निर्देशन में लगातार कार्रवाई की जा रही है-

### कार्यवाही का विवरण

इसी क्रम मे दिनांक – 24.03.2026 को पुलिस उपायुक्त जोन–4 इंदौर श्री आनंद कलादगी एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन–4 श्री दिशेष अग्रवाल के निर्देशन तथा सहायक पुलिस आयुक्त अनुभाग अन्नपूर्णा शिवेन्दु जोशी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चन्दन नगर तिलक कारोले के नेतृत्व मे चन्दन नगर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर तंत्र का उपयोग करते हुए एक व्यक्ति को आटो रिक्शा क्रमांक MP09RB1924 से कालाबाजारी करते



हुए 8 नग भारत गैस सिलेन्डर के साथ पकडा जिससे पूछताछ पर बताया कि अभी गैस सिलेण्डर की माँग ज्यादा है और सिलेण्डर आसानी से नही मिल रहे है । आरोपी के द्वारा 941 रूपये का गैस सिलेण्डर आम जन सीधे साधे लोगो को 2500 से 3000 रूपये मे बेच कर अवैध लाभ कमा रहा है इसलिए लालच मे आकर मै उक्त गैस सिलेण्डर ब्लेक कर रहा था । आरोपी भारत गैस एजेंसी धार रोड़ जिला अस्पताल में काम करता है आरोपी के खिलाफ थाना चंदननगरपर अपराध क्रमांक 381/26 धारा 3/7 ई सी एक्ट का कायम कर अनुसंधान में लिया है।

### नाम आरोपी

शाहरुख खांन पिता सलीम खांन उम्र 33 साल नि. 59 केशव नगर इंदौर जप्त माल - आटो रिक्शा क्रमांक MP09RB1924 तथा 8 नग भारत गैस सिलेन्डर सराहनीय कार्य टीम - थाना प्रभारी निरीक्षक तिलक कारोले, उनि सेवना सिंह ,सउनि जहीरूद्दीन शेख, आरक्षक 4071 धर्मेन्द्र यादव , आरक्षक 3625 शेलेन्द्र सिंह थाना चन्दन नगर की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

---

# शेखापुर में किया जा रहा है प्राण प्रतिष्ठा का भव्य कार्यक्रम कार्यक्रम से पहले कलश यात्रा और डिंडी यात्रा निकाली

**महेन्द्र मालवीय**

बुरहानपुर जिले कि जनपद पंचायत कनार के अंतर्गत आने वाले ग्राम शेखापुर में चैत्र नवरात्रि महोत्सव के पावन अवसर पर गजानन महाराज राम दरबार भोले बाबा की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम किया जा रहा है कार्यक्रम 25 मार्च से 27 मार्च तक चलेगा



27 मार्च तक की जाने वाली विधि विधान से पूजा पाठ अर्चना के साथ ही 27 मार्च को प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपूर्ण होगा इस अवसर पर ग्राम वासियों द्वारा 24 मार्च रात्रि को हरिओम रामायण मण्डल तुकईथड़ से संगीतमय श्री रामचरितमानस सुंदरकांड पाठ करवाया और 25 मार्च से प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम शुरू किया गया इसी उपलक्ष्य में पूरे ग्राम वासियों ने कलश यात्रा और डिंडी यात्रा निकाली गई इस यात्रा में समस्त ग्राम वासियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी सहभागिता प्रकट की आपको बता दे की इस पावन अवसर पर रवि शंकर दत्तू शाह परिवार द्वारा श्री गजानन महाराज की प्रतिमा भेंट कर मंदिर कार्य में सहयोग किया सुभाष राघव महाजन द्वारा श्री राम दरबार की प्रतिमा भेंट की गई इस कार्यक्रम में भास्कर महाजन, वसंत पाटिल, सुनील करंजकर ,डॉक्टर अनिल महाजन, राजेश श्रीवास्तव ,आंचल पाटिल दशरथ मराठे यशवंत पाटिल, सुनिल पाटिल ,विजय शाह, अनिल शाह ,गजानन पाटिल, अक्षय पाटिल ,मनु महाजन ,चेतन सातारकर, अथर्व करणकर, ओम सातारकर ,तनु महाजन ,तन्मय वाडेकर ,नीरज श्रीखंड, वेदांत पाटिल सहित समस्त ग्राम वासियों का सहयोग एवं भूमिका बढ़-चढ़कर रही।

# ईरान का संकट....भारत की चिंता बढ़ाता हुआ!

दिसंबर 2025 के अंत में ईरान में शुरू हुए व्यापक विरोध-प्रदर्शनों ने इस इस्लामिक गणराज्य के समक्ष हाल के वर्षों की सबसे गंभीर आंतरिक चुनौती खड़ी कर दी है। महंगाई, मुद्रा अवमूल्यन और आर्थिक कुप्रबंधन के खिलाफ शुरू हुआ यह जनाक्रोश जल्द ही एक राजनीतिक संकट में बदल गया, जिसमें प्रदर्शनकारी खुलकर सत्ता परिवर्तन की मांग करने लगे। ईरान का आर्थिक संकट कोई नया घटनाक्रम नहीं है। वर्षों से ढांचागत कमजोरियों, भ्रष्टाचार, अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों और नीतिगत गलतियों ने उसकी अर्थव्यवस्था को कमजोर किया है। ईरानी मुद्रा में तेज गिरावट, खाद्य पदार्थों की दरों में उछाल और व्यापक बेरोजगारी ने दिसंबर में विरोध की चिंगारी सुलगा दी। यह आंदोलन पहले तेहरान के बाजारों से शुरू हुआ और कुछ ही दिनों में देश के सभी 31 प्रांतों में 300 से अधिक स्थानों पर फैल गया। सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई और मजहबी सत्ता प्रतिष्ठान के खिलाफ नारे संकेत हैं कि शासन की वैधता पर गहरा सवाल खड़ा हो चुका है। ईरान का मौजूदा संकट यही दर्शाता है कि आर्थिक कुप्रबंधन और राजनीतिक कठोरता के दीर्घकालिक रणनीतिक परिणाम होते हैं।

भारत के लिए भी यह संकट केवल एक दूरस्थ आंतरिक उथल-पुथल नहीं, बल्कि पश्चिम और मध्य एशिया में रणनीतिक, आर्थिक और भू-राजनीतिक हितों से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है। ईरानी सरकार की प्रतिक्रिया सख्त और दमनकारी रही है। मानवाधिकार संगठनों के अनुसार सैकड़ों लोगों की मौत हुई है, जिनमें नाबालिग भी शामिल हैं। जहां राष्ट्रपति मसूद पेजेशिकियन ने संयम बरतने और हिंसा से बचने की अपील की है, वहीं न्यायपालिका, सुरक्षा तंत्र और सर्वोच्च नेतृत्व का रुख कहीं अधिक सख्त है। यह संकट से निपटने में शीर्ष नेतृत्व के स्तर पर असहमति को भी दर्शाता है। इंटरनेट ब्लैकआउट भी इसका संकेतक है कि सत्ता प्रतिष्ठान सड़क और सूचना दोनों पर नियंत्रण खोने से चिंतित है। ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शन अब केवल आर्थिक या राजनीतिक ही नहीं, बल्कि प्रतीकात्मक और वैचारिक स्वरूप भी ले चुके हैं। कई स्थानों पर शाह के दौर का 'शेर और सूरज' वाला झंडा लहराया गया और निर्वासित पूर्व युवराज रजा पहलवी की तस्वीरें दिखाई गई हैं। इन प्रतीकों का उभरना इस्लामिक रिपब्लिक की वैचारिक नींव को चुनौती देने का स्पष्ट संकेत है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि यदि शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों को नुकसान पहुंचाया गया तो ईरान को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। यूरोपीय देशों, आस्ट्रेलिया और कनाडा ने भी बल प्रयोग, मनमानी गिरफ्तारियों और इंटरनेट बंदी की निंदा की है। इसके जवाब में तेहरान ने अमेरिका और इजरायल पर विरोध भड़काने का आरोप लगाया है और समूचे घटनाक्रम को विदेशी साजिश बताया है।

---

# IEA की चेतावनी: वैश्विक तेल आपूर्ति पर मंडरा सकता है संकट, भारत सतर्क

अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA) ने हाल ही में चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि मध्य पूर्व (West Asia) में बढ़ते तनाव के कारण वैश्विक स्तर पर तेल आपूर्ति प्रभावित हो सकती है।

इससे पेट्रोल-डीजल की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। IEA के अनुसार, यदि स्थिति और बिगड़ती है तो कुछ देशों में अस्थायी कमी (Shortage) की संभावना भी बन सकती है। एजेंसी ने सभी देशों को पहले से पर्याप्त भंडारण (Stock) रखने और आपूर्ति व्यवस्था मजबूत करने की सलाह दी है।

### भारत की स्थिति सुरक्षित

भारत सरकार ने स्पष्ट किया है कि देश में फिलहाल पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और आम नागरिकों को घबराने की आवश्यकता नहीं है।

### इंदौर प्रशासन की अपील

इंदौर कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। जिले में पर्याप्त पेट्रोल उपलब्ध है और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

### निष्कर्ष

वर्तमान स्थिति में कोई आपातकाल या संकट नहीं है। नागरिक शांति बनाए रखें और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही विश्वास करें।

**रणजीत टाइम्स**
**सच्चाई के साथ, जनता के साथ**

# एनएसएस सात दिवसीय विशेष शिविर सम्पन्न

## पिपालदा गाँव में जागरूकता की नई अलख

राजेश धाकड़

इंदौर। शिवाजीराव कदम संस्थान, इंदौर की तीन राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाइयों द्वारा पिपालदा गाँव में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों ने समाज सेवा, स्वच्छता, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करते हुए ग्रामीणों के बीच जागरूकता फैलाने का सराहनीय प्रयास किया।

शिविर का शुभारंभ कॉलेज सलाहकार डॉ. पीयूष त्रिवेदी द्वारा किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में युवाओं को समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर डॉ. संजय टी. पुरकर, प्राचार्य डॉ. विशाल मेहता एवं डॉ. रिजवान खान भी उपस्थित रहे।




शिविर के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न जनहितकारी गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इनमें स्वच्छता अभियान चलाकर गाँव के प्रमुख स्थानों की सफाई की गई, साथ ही घर-घर जाकर सर्वेक्षण किया गया। निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। इसके अलावा साक्षरता अभियान के तहत शिक्षा के महत्व को समझाया गया तथा सांस्कृतिक गतिविधियों के जरिए सामाजिक संदेश प्रस्तुत किए गए। वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया, वहीं कौशल विकास कार्यशालाओं के माध्यम से युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक मुद्दों पर आधारित नुक्कड़ नाटकों ने भी लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

शिविर का समापन समारोह सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पूरे शिविर का सफल संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रश्मि सोनी, प्रो. शहनाज खान एवं प्रो. निधि आर्या के मार्गदर्शन में किया गया। इस सात दिवसीय शिविर ने पिपालदा गाँव में स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरण के प्रति सकारात्मक जागरूकता पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ग्रामीणों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

# मुरूम के अवैध परिवहन पर खनिज विभाग कि कार्यवाही,ट्रैक्टर ट्राली हुई जप्त






प्रदीप सिंह बघेल

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन में जिले में खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण की रोकथाम हेतु खनिज विभाग द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। जिला खनिज अधिकारी श्री राहुल सांडिल्य ने जानकारी दी है कि ब्यौहारी तहसील के क्षेत्रों में जांच की गई। तहसील ब्यौहारी अंतर्गत मिट्टी, मुरूम के अवैध उत्खनन परिवहन की शिकायतें प्राप्त हो रहीं थीं। उक्त शिकायतों को संज्ञान में लेकर खनिज विभाग के द्वारा ब्यौहारी क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान ग्राम देवगांव तहसील ब्यौहारी में 3 वाहनों (ट्रैक्टर मय ट्राली) को जांच हेतु रोका गया। वाहन चालक के द्वारा खनिज मिट्टी मुरूम के परिवहन से संबंधित वैधानिक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर वाहन चालको के कब्जे से वाहन सहित मिट्टी/मुरूम जब्त कर वाहन को शासकीय अभिरक्षा थाना ब्यौहारी में भिजवाया गया एवं खनिज नियमो के अंतर्गत कार्यवाही की गई।

# तहसील का कमिश्नर द्वारा औचक निरीक्षण, प्रकरणो के जल्द समाधान के दिए निर्देश



प्रदीप सिंह बघेल

कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने आज तहसील कार्यालय सोहागपुर का निरीक्षण किया। कमिश्नर ने निरीक्षण के दौरान एसडीएम को निर्देश दिए कि तहसील न्यायालय में लंबित राजस्व प्रकरणो का निराकरण प्राथमिकता के साथ करें एवं न्यायालय में राजस्व प्रकरण लंबित न रहे सुनिश्चित किया जाए। कमिश्नर ने सायबर तहसील के लंबित प्रकरणो के निराकरण की स्थिति में जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि सायबर तहसील के जो भी प्रकरण लंबित है उनका निराकरण जल्द से जल्द कराएं। कमिश्नर ने फौती नामातंरण, आरसीएमएस, बंटवारा, राजस्व दायरा पंजी, सहित अन्य लंबित प्रकरणो के निराकरण की स्थिति की भी जानकारी प्राप्त कर निराकरण करते हुए



पोर्टल में दर्ज करने के निर्देश अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को दिए। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती अमृता गर्ग, तहसीलदार श्रीमती भावना डेहरिया, संभागीय सलाहकार श्री उपेंद्र त्रिपाठी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

# छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ का तृतीय महासम्मेलन एवं सम्मान समारोह 29 मार्च को कोरबा में

कोरबा। छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ का तृतीय महासम्मेलन की मेजबानी इस बार कोरबा कर रहा है। 29 मार्च को यह सम्मेलन टीपी नगर स्थित प्रदेश अखबार वितरक संघ कार्यालय परिसर में सम्पन्न होगा। महासम्मेलन को सफल बनाने छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ की जिला इकाई ने तैयारी प्रारंभ कर दी है। महासम्मेलन के साथ-साथ सम्मान समारोह का भी आयोजन किया जा रहा है। महासम्मेलन कार्यक्रम का शुभारंभ अपराह्न 3.30 बजे कोरबा विधायक एवं केबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन करेंगे, वहीं महासम्मेलन की अध्यक्षता महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में कोरबा जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार सिंह, निगम सभापति नूतन सिंह ठाकुर, भाजपा के प्रदेश मंत्री सुश्री ऋतु चौरसिया, पार्षद एवं भाजयुमो के पूर्व जिला महामंत्री नरेन्द्र देवांगन, वार्ड पार्षद श्रीमती प्रेमलता बंजारे एवं पार्षद रामकुमार साहू होंगे। वक्ता के रूप में राष्ट्रीय वितरक महामंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामरक्षा सिंह संरक्षक पंकज भट्ट महामंत्री साकेश सैनी उत्तर प्रदेश प्रभारी राकेश अवस्थी श्रेष्ठ पासवान भागवत नारायण चौरसिया एवं , महाराष्ट्र राज्य वृत्तपत्र विक्रेता संघटना, के प्रदेश अध्यक्ष सुनील पाटनकर सचिव विनोदपन्नास उपाध्यक्ष दिनेश उईके एवं




छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से प्रतिनिधि भी शामिल होंगे एवं छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के प्रदेश अध्यक्ष पदमसिंह चंदेल होंगे। महासम्मेलन में अन्य प्रदेशों से पदाधिकारी शिरकत करेंगे।

समापन समारोह 29 मार्च को ही रात्रि 8.30 बजे होगा। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व केबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल होंगे, वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुकेश राठौर (शहर), मनोज चौहान (ग्रामीण), कांग्रेस प्रवक्ता सुरेश अग्रवाल, पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद कृपा राम साहू नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका निगम कोरबा , पार्षद , रवि चंदेल,पूर्व पार्षद अविनाश बंजारे उपस्थित रहेंगे। छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के कोरबा जिलाध्यक्ष विपेन्द्र साहू ने जिले के सभी ब्लाक पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है, ताकि संघ को और मजबूत बना सकें एवं अखबार वितरकों के अधिकार पाने के अभियान को और मजबूती दे सकें।

### श्रम विभाग एवं चिकित्सा कैम्प का आयोजन

परिसर में महासम्मेलन के दौरान श्रम विभाग का कैम्प भी लगेगा, जहां पर विभाग के अधिकारी-कर्मचारी समय 11:00 से अखबार वितरकों के श्रमिक कार्ड बनाएंगे, ताकि श्रम विभाग छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं का लाभ अखबार वितरकों को भी मिल सके। कोरबा के आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. नागेन्द्र नारायण शर्मा अपनी टीम के साथ स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन करेंगे।

### सम्मान समारोह का भी होगा आयोजन

अखबार वितरक संघ के तृतीय महासम्मेलन में लब्ध प्रतिष्ठित पत्रकारों एवं अखबार वितरकों के लिए सम्मान समारोह का भी आयोजन किया जाएगा। महासम्मेलन को सफल बनाने पदाधिकारियों की बैठक महासम्मेलन को सफल बनाने कोरबा जिला इकाई के पदाधिकारियों ने आवश्यक बैठक की और सभी ने जी तोड़ मेहनत करने का संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष पदमसिंह चंदेल ने की। बैठक में प्रमुख रूप से जिला संरक्षक रेशम साहू, जिला अध्यक्ष विपेन्द्र साहू, सचिव जयसिंह नेताम, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी राठौर, सहसचिव रायसिंह, कटघोरा इकाई प्रभारी बबलू यादव (कन्हैया) कटघोरा सचिव विजय दास पाली इकाई प्रभारी सुरेंद्र सिंह ठाकुर पाली सचिव संतराम पटेल पाली उपाध्यक्ष शंकर दीवान जमीनी पाली इकाई प्रभारी दीपक सचिव रविंदर मीडिया प्रभारी रामायण सिंह (रामा), कार्यक्रम संयोजक तपेश्वर राठौर, प्रवक्ता अनिल गिरी, दिलबाग, दिलीप, हर्ष, कृष्णा निर्मलकर, दीपक सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के गुणों की स्थापना आंतरिक शक्ति को बढ़ाती है

**रामनवमी विशेष**

**जोग लगन ग्रह वार तिथि, सकल भये अनुरूप।**
**चर अरु अचर हर्षजुत, राम जन्म सुखमूल।।**

बाल कांड (190) यानि, योग, लग्न, ग्रह, वार और तिथि सब अनुकूल हो गये.. जड़ और चेतन हर्ष से भर गये और यही श्री राम के जन्म सुख का मूल है।

चैत्र नवरात्रि उत्सव में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है और भगवान राम का संबंध भी नवरात्रि से होता है। दरअसल, चैत्र नवरात्रि के दौरान चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को राम नवमी का पर्व मनाया जाता है। श्री राम का जन्मदिन, श्री राम के अच्छे गुणों को अपने अंदर उतारने हेतु मानव को प्रेरित करता है। श्री रामचंद्र जब संसार में आये तो उन्होंने अपनी मर्यादायें स्वयं बांधी, अपने तौर तरीकों से अपने आदर्श व्यवहार से। वो श्री विष्णु के अवतरण थे। लेकिन वो सामान्य मानव सा जीवन जिये ताकि मानवमात्र के आगे जीवन की आदर्श रुपरेखा रखें।

श्री राम के जीवन की सभी घटनाएं जैसे अहिल्या उद्धार, शबरी मोक्ष, अधर्मी बाली वध, रावण वध आदि



धर्म का साम्राज्य स्थापित करने का उदाहरण मात्र था। श्री राम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं और उनकी तरह मर्यादाओं में रहने के लिए सहज योगी अपने सूक्ष्म शरीर के चौथे चक्र अनाहत चक्र के दाहिने चक्र पर श्री राम का ध्यान करते हुये उनके गुणों को अपने अंदर स्थापित करते हैं। श्री राम की उपासना एक अच्छा इंसान बनने का सच्चा योग है। जब एक आदर्श पुत्र, भाई, स्वामी, मित्र, नीति कुशल राजनेता व पिता के सर्वगुण मानव में स्थित होते हैं, तभी वह मर्यादा पुरुष कहलाता है।

राम के गुण यानि सद्गुण, जब यह हमारे अंदर स्थित होते हैं तब अज्ञान जैसी सबसे बड़ी कमजोरी नष्ट हो जाती है। श्री राम के सद्गुणों को अपने अंदर स्थापित करना आसान है- मार्ग है सहज योग। श्री राम हमारे अंदर हैं और जो हमारे अंदर ही व्याप्त है, उन्हें पाना क्या...वे तो अंदर हैं ही। बस पाने का तरीका पता होना चाहिए और यह तरीका है सहज योग। बात समर्पण की है सहज योग समर्पण का आसान मार्ग है। अनाहत चक्र को हृदय चक्र भी कहते हैं। जब हृदय संकीर्ण होगा तो हम उसमें ईश्वर का चैतन्य कितना भर पायेंगे। अतः हृदय को विशाल करना होगा। जब हमारा चित्त हमारे अंदर होता है, तब ईश्वरीय चैतन्य का प्रवाह हमें यथार्थ की अनुभूति देता है। हमने आठ दिन माँ देवी की आराधना कर ली, आज रामनवमी के दिन अपनी अज्ञानता पर पूर्णरूपेण विजय पाना है, स्वयंसिद्ध बनना है। यही माँ दुर्गा और श्री राम का संदेश है। मर्यादित जीवन हमारी आंतरिक शक्ति को कई गुणा बढ़ा देता है।

तो चलिए राम को पाने का लक्ष्य लिए सहजयोग से जुड़ते हैं, जो सदैव व सर्वथा निःशुल्क है। आप अपने आत्म साक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं या वेबसाइट www.sahajayoga.org.in पर देख सकते हैं।



## रीवा-सागर में बूंदाबांदी, कई जिलों में बदला मौसम

### 26 और 29 मार्च को एक्टिव होंगे दो नए सिस्टम; आंधी-बारिश का अलर्ट

**भोपाल (नप्र)।** मध्य प्रदेश में पिछले 24 घंटे के दौरान गर्मी के साथ बारिश वाला मौसम भी रहा। मौसम विभाग के अनुसार रीवा में 3 मिमी और सागर में एक मिमी बारिश दर्ज की गई। ग्वालियर-चंबल संभाग समेत आसपास के कई जिलों में बादल भी रहे। साइक्लोनिक सर्कुलेशन (चक्रवात) की वजह से ऐसा मौसम रहा।



मध्य प्रदेश के उत्तरी हिस्से यानी, उज्जैन, सागर, ग्वालियर-चंबल संभाग में साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम (चक्रवात) की वजह से बादल छाए रहे। इस वजह से दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की गई। ग्वालियर में पारा 30 डिग्री से नीचे रहा। वहीं, बाकी हिस्से में गर्मी का असर देखने को मिला। मंगलवार को प्रदेश में गर्मी रहेगी। वहीं, 26 और 27 मार्च को आंधी-बारिश का दौर रह सकता है। मौसम केंद्र भोपाल के अनुसार, 26 मार्च को उत्तर-पश्चिमी भारत में नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव हो रहा है। जिसका असर 2 दिन तक ग्वालियर, चंबल, सागर और रीवा संभाग के जिलों में देखने को मिलेगा। 29 मार्च को एक और नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो सकता है। यानी, इस बार अप्रैल की शुरुआत आंधी-बारिश के साथ हो सकती है।

## भरण-पोषण मामले में नारायण साई की इंदौर फैमिली कोर्ट में पेशी, कड़ी सुरक्षा के बीच हुई सुनवाई

**इंदौर।** दुष्कर्म मामले में सजा काट रहे नारायण साई को मंगलवार को इंदौर की फैमिली कोर्ट में पेश किया गया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पुलिस उन्हें सूरत से इंदौर लेकर पहुंची। कोर्ट कक्ष में उनकी मौजूदगी में मामले की सुनवाई की प्रक्रिया पूरी की गई। यह मामला उनकी पत्नी जानकी हरपलानी द्वारा दायर भरण-पोषण और तलाक याचिका से संबंधित है, जिस पर लंबे समय से सुनवाई चल रही है। सुनवाई के बाद पुलिस नारायण साई को पुनः पुलिस वैन के माध्यम से वापस लेकर रवाना हो गई। फैमिली कोर्ट परिसर के बाहर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इस दौरान बड़ी संख्या में आसाराम और नारायण साई के अनुयायी भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 में फैमिली कोर्ट ने नारायण साई को पत्नी को प्रति माह 50 हजार रुपये भरण-पोषण देने का आदेश दिया था। भुगतान नहीं होने पर जानकी हरपलानी ने वर्ष 2025 में करीब 53 लाख रुपये की बकाया राशि की वसूली के लिए कोर्ट में संपत्ति कुर्क करने की मांग की है। गौरतलब है कि नारायण साई वर्तमान में सूरत जेल में दुष्कर्म मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है, जिससे यह मामला और अधिक जटिल हो गया है।

## 5वीं और 8वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम आज

**भोपाल।** राज्य शिक्षा केन्द्र, स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश द्वारा बुधवार को कक्षा 5वीं एवं 8वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया जाएगा। विद्यार्थी सुबह 11.30 बजे से अपना परीक्षा परिणाम www.rskmp.in/result.asp पोर्टल पर देख सकेंगे। राज्य शिक्षा केंद्र से मिली जानकारी अनुसार 25 मार्च को परीक्षा परिणाम घोषणा की प्रक्रिया सुबह 11 बजे से राज्य शिक्षा केन्द्र कार्यालय के सभाकक्ष में संचालित की जाएगी। इसके बाद सुबह 11:30 बजे परीक्षा परिणाम पोर्टल पर जारी किया जाएगा। विद्यार्थी, अभिभावक एवं शिक्षकगण राज्य शिक्षा केन्द्र की वेब पोर्टल www.rskmp.in/result.asp पर अपना रोल नंबर/समग्र आईडी डालकर रिजल्ट देख सकेंगे। साथ ही इसी पोर्टल पर शिक्षक, संस्था प्रमुख अपनी शाला का विद्यार्थीवार परिणाम भी देख सकेंगे। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा वेब पोर्टल की लिंक भी क्यूआर कोड के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है।

## जनसुनवाई में संवेदनशील पहलः 285 आवेदनों पर सुनवाई, कई मामलों का मौके पर समाधान

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में इस मंगलवार बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। जनसुनवाई में कुल 285 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों में संबंधित विभागों को निर्धारित समयसीमा में कार्रवाई के निर्देश दिए गए। कलेक्टर शिवम वर्मा ने आमजन से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना। जनसुनवाई में स्कूल शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक सहायता, पारिवारिक विवाद, जमीन विवाद सहित विभिन्न प्रकार के प्रकरण सामने आए। जनसुनवाई के दौरान मानवीय संवेदनाओं से जुड़े कई मामलों में प्रशासन ने तत्काल राहत प्रदान की। एक महिला अपने पति के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग लेकर पहुंचीं, जिनके पति के कई ऑपरेशन हो चुके हैं। कलेक्टर के निर्देश पर उन्हें तत्काल सहायता उपलब्ध कराई गई और आगे के इलाज की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई। परिजनों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इसी तरह एक आर्थिक रूप से कमजोर बुजुर्ग दंपत्ति को प्राथमिकता के आधार पर सहायता राशि स्वीकृत की गई। वहीं दिव्यांग बुजुर्ग भीमसिंह को आजीविका के लिए इलेक्ट्रिक ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए, जिससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी। एक अन्य मामले में दुर्घटना में घायल व्यक्ति को कंधे की हड्डी के ऑपरेशन के लिए तत्काल निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने आश्वस्त किया कि उसका इलाज पूरी तरह मुफ्त कराया जाएगा। कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जनसुनवाई के माध्यम से प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण किया जा रहा है। रेड क्रॉस के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की भी जांच कर समयसीमा में समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। इस दौरान अपर कलेक्टर रोशन राय, रिंकेश वैश्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याओं को सहानुभूति से सुनते हुए त्वरित समाधान सुनिश्चित करने की दिशा में कार्रवाई की। जनसुनवाई की इस पहल से प्रशासन और आमजन के बीच संवाद मजबूत हो रहा है, जिससे लोगों की समस्याओं का समय पर समाधान संभव हो पा रहा है। स्थानीय नागरिकों ने इस व्यवस्था को सराहनीय बताते हुए कहा कि इससे उन्हें अपनी समस्याओं के निराकरण में काफी सहायता मिल रही है।

### आंगनवाड़ी केन्द्र में पोषण और शिक्षा दोनों का रखा जाता है समग्र ध्यान, 97 हजार आंगनवाड़ी केन्द्रों में 'विद्यारंभ' उत्सव

## आंगनवाड़ी केन्द्र बच्चों के जीवन की सबसे महत्वपूर्ण प्रारंभिक पाठशाला : मंत्री सुश्री भूरिया

**भोपाल (नप्र)।** मध्यप्रदेश में शाला-पूर्व शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत प्रदेशभर के आंगनवाड़ी केन्द्रों में मंगलवार को बच्चों का विशेष समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया आंगनवाड़ी से प्रारंभिक शिक्षा पूरी कर विद्यालय में प्रवेश लेने जा रहे बच्चों को 'विद्यारंभ प्रमाणपत्र' प्रदान कर सम्मानित किया। प्रदेश के 97 हजार से अधिक आंगनवाड़ी केन्द्रों में एक साथ आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से लगभग 10 लाख बच्चे आंगनवाड़ी से आगे बढ़कर औपचारिक स्कूली शिक्षा की ओर कदम रख रहे हैं।

भोपाल के नेहरू नगर आंगनवाड़ी क्र. 1061 में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मंत्री सुश्री भूरिया ने बच्चों और उनके अभिभावकों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि आंगनवाड़ी केन्द्र बच्चों के जीवन की सबसे महत्वपूर्ण प्रारंभिक पाठशाला हैं, जहाँ पोषण और शिक्षा दोनों का समग्र ध्यान रखा जाता है। आंगनवाड़ी केन्द्र केवल बच्चों की देखभाल का स्थान नहीं बल्कि मातृ-शिशु स्वास्थ्य, पोषण और प्रारंभिक शिक्षा का समन्वित केन्द्र हैं। यहाँ गर्भवती महिलाओं के पंजीयन से लेकर बच्चे के जन्म और छह वर्ष की आयु तक उनके पोषण, स्वास्थ्य और समग्र विकास का ध्यान रखा जाता है। इसी उद्देश्य से प्रदेश में पोषण भी, पढ़ाई भी कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, इससे बच्चों को खेल-खेल में प्रारंभिक शिक्षा प्रदान की जाती है।



मंत्री सुश्री भूरिया ने बताया कि 3 से 6 वर्ष की आयु के दौरान आंगनवाड़ी केन्द्रों में बच्चों के शारीरिक, बौद्धिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। इसी आधार पर वे आगे विद्यालयी शिक्षा के लिए तैयार होते हैं। भारत सरकार के निर्देशानुसार अब आंगनवाड़ी में 3 वर्ष की प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण करने वाले बच्चों को 'विद्यारंभ प्रमाणपत्र' प्रदान किया जा रहा है, जिससे उनकी शाला-पूर्व शिक्षा को औपचारिक मान्यता मिल सके। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि वे मातृ-शिशु स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा जैसे अनेक महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन समर्पण के साथ कर रही हैं। उनके प्रयासों का ही परिणाम है कि हर वर्ष लाखों बच्चे आंगनवाड़ी केन्द्रों से गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त कर विद्यालय में प्रवेश के लिए तैयार हो रहे हैं।

मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि मध्यप्रदेश में आंगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से शाला-पूर्व शिक्षा की गुणवत्ता लगातार बेहतर हो रही है। बच्चों को खेल आधारित शिक्षा, पोषण और विकास के समन्वित वातावरण में तैयार कर उन्हें विद्यालयी शिक्षा के लिए सक्षम बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखेगी, बल्कि प्रदेश में प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध होगी।

### औपचारिक शिक्षा के अनौपचारिक शिक्षा जरूरी : श्रीमती रश्मि

सचिव, महिला बाल विकास श्रीमती जी वी रश्मि ने कहा कि यह प्रमाण पत्र केवल एक दस्तावेज़ नहीं, बल्कि बच्चों की शिक्षा यात्रा का पहला महत्वपूर्ण पड़ाव है। इसका उद्देश्य आंगनवाड़ी की अनौपचारिक शिक्षा से प्राथमिक विद्यालय की औपचारिक शिक्षा में बच्चों का सहज और आनंदपूर्वक प्रवेश सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि बच्चों की ग्रोथ के लिये पिता की भूमिका अति महत्वपूर्ण है। माता-पिता के संयुक्त प्रयासों से बच्चे के बेहतर भविष्य की नींव रखी जाती है।

सचिव श्रीमती रश्मि ने कहा कि राष्ट्रीय ईसीसीई नीति 2013 और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप यह पहल प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस आयोजन से परिवार और समुदाय में शाला पूर्व शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ेगी तथा बच्चों के स्कूल में प्रवेश और उनकी शैक्षणिक निरंतरता को बल मिलेगा।

इस अवसर पर मंत्री सुश्री भूरिया ने बच्चों को प्रमाण-पत्र वितरित किए। कार्यक्रम में बच्चों के अभिभावक श्रीमती बबली शुकवारे और श्री अमित करोसिया ने अपने बच्चों के आंगनवाड़ी में जाने से आए बदलाव के बारे में बताया। कार्यक्रम में आंगनवाडी के बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया।

# ईसाई धर्म के साथ खत्म होगा 'एसटी' का दर्जा

● सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, कहा-कोई व्यक्ति नहीं कर सकता दावा

**कहा-केवल हिंदू-बौद्ध-सिख ही अनुसूचित जाति का दावा कर सकते हैं**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि कोई शख्स अगर ईसाई धर्म अपना लेता है और उस धर्म का सक्रिय तौर पर पालन और प्रचार करता है तो उसे अनुसूचित जाति समुदाय का सदस्य नहीं माना जा सकता। अदालत ने इस मामले में आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखा। शीर्ष अदालत ने कहा कि जो व्यक्ति हिंदू धर्म, सिख धर्म या बौद्ध धर्म के अलावा किसी अन्य धर्म का पालन करता है, उसे अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं माना जा सकता। अदालत ने यह भी जोड़ा कि किसी अन्य धर्म में परिवर्तन करने से अनुसूचित जाति का दर्जा तुरंत और पूर्ण रूप से समाप्त हो जाता है। अदालत ने उल्लेख किया कि संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950 इस बात को स्पष्ट करता है और इस आदेश के तहत लगाया गया प्रतिबंध पूर्ण है। अदालत ने स्पष्ट किया कि 1950 के आदेश की धारा 3 में निर्दिष्ट धर्मों के अलावा किसी अन्य धर्म में परिवर्तन करने पर, जन्म की परवाह किए बिना, अनुसूचित जाति का दर्जा तुरंत समाप्त हो जाता है।



## ईसाई व्यक्ति के लिए एससी/एसटी एक्ट लागू नहीं होता

यह आदेश एक ऐसे व्यक्ति के मामले में दिया गया, जिसने ईसाई धर्म अपना लिया था और पादरी (पास्टर) के रूप में कार्य कर रहा था, लेकिन उसने कुछ व्यक्तियों के खिलाफ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था, जिन पर उस पर हमला करने का आरोप था। उसने इस अधिनियम के तहत संरक्षण का दावा किया, जिसे आरोपियों ने इस आधार पर चुनौती दी कि वह पादरी धर्म परिवर्तन कर चुका है और सक्रिय रूप से ईसाई धर्म का पालन कर रहा है। 30 अप्रैल 2025 के आदेश में आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने कहा था कि जाति व्यवस्था ईसाई धर्म में नहीं होती, इसलिए इस अधिनियम के प्रावधानों का सहारा लेने पर रोक है।

## पादरी की विशेष अनुमति याचिका पर सुप्रीम सुनवाई



इसके खिलाफ पादरी ने विशेष अनुमति याचिका दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस एन. वी. अंजारिया की पीठ ने कहा कि वर्तमान मामले में याचिकाकर्ता ने यह नहीं कहा कि उसने ईसाई धर्म छोड़कर अपने मूल धर्म में पुनः प्रवेश किया है। इसके विपरीत, साक्ष्य से स्पष्ट है कि अपीलकर्ता लगातार ईसाई धर्म का पालन करता रहा और एक दशक से अधिक समय से पादरी के रूप में कार्य कर रहा है, तथा गांव में नियमित रूप से रविवार की प्रार्थनाएं आयोजित कर रहा है। यह भी स्वीकार किया गया है कि कथित घटना के समय वह घर पर प्रार्थना सभा आयोजित कर रहा था। ये सभी तथ्य स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि घटना के दिन भी वह ईसाई ही था।

# भगवान के व्यक्तित्व में सांदीपनि आश्रम का योगदान महत्वपूर्ण

सीएम ने कहा-जीवनदीप आश्रम होगा आशा-करुणा और सेवा का प्रकाश स्तंभ

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संत-वृंद को सिंहस्थ 2028 के लिए किया आमंत्रित**



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश से मथुरा-वृंदावन-गोकुल क्षेत्र का 5000 वर्ष से जीवंत संपर्क रहा है। भगवान श्रीकृष्ण बृज में पराक्रम करने के बाद शिक्षा ग्रहण करने उज्जैन के सांदीपनि आश्रम पधारे थे। इस नाते विश्व के सम्मुख भगवान श्री कृष्ण का जो विराट व्यक्तित्व आया उसमें उज्जयिनी का योगदान रहा। मथुरा-गोकुल के समान मध्यप्रदेश भी सनातन के विचार को बनाए रखने और उसके विस्तार में योगदान देता रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव वृंदावन में जीवनदीप आश्रम के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, श्री पंच दस नाम जूना अखाड़ा महामंडलेश्वर जीवनदीप पीठाधीश्वर स्वामी यतींद्र आनंद गिरि, महामंडलेश्वर अवधेशानंद जी, साध्वी ऋतंभरा सहित समस्त संत वृंद तथा बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ बालकों द्वारा प्रस्तुत हनुमान चालीसा के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुस्तक का विमोचन किया।

## सनातन धर्म-संस्कृति की ध्वजा लहरा रही है: भागवत

संघ प्रमुख डॉ. भागवत ने कहा कि वर्तमान में विश्व के कई देशों की व्यवस्था लड़खड़ा रही है। सनातन धर्म-संस्कृति की ध्वजा कई विपरीत परिस्थितियों को झेलने के बाद भी पूर्ण गरिमा के साथ लहरा रही है। इसमें हमारे आश्रमों और संतों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने प्रदेश के बड़वानी जिले में सुश्री भारती ताई द्वारा गरीब बच्चों के लिए संचालित विद्यालय की सराहना की। पद्मभूषण से सम्मानित साध्वी ऋतंभरा ने कहा कि जीवनदीप आश्रम से वृंदावन की भव्यता में और वृद्धि होगी। संसार में विद्यमान बाधाओं से बढ़कर हमारी मन की आंतरिक बधाएं होती हैं, जो किसी कार्य को पूर्ण होने से रोकती हैं। उन्होंने कहा कि अगर हम लक्ष्य प्राप्ति के लिए मनसा वाचा कर्मणा, शत-प्रतिशत प्रयास करें तो दुनिया की कोई भी शक्ति हमें अपने ध्येय की प्राप्ति से रोक नहीं सकती। बिहार और केरल के पूर्व राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि भारतीय संस्कृति में ज्ञान की धारा प्रवाहमान है। भविष्य में जीवन दीप आश्रम, ज्ञान के संरक्षण एवं संवर्धन का बड़ा केंद्र बनेगा। हमारे संतजन जनकल्याण के कार्य को समर्पित है।

# सिंचाई परियोजनाओं को निर्धारित समय के साथ करें पूर्ण : सिलावट

● जलसंसाधन मंत्री ने ली विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक



**भोपाल।** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। हमारी सरकार का ध्येय है समृद्ध किसान, समृद्ध मध्य प्रदेश। जब किसानों के खेतों में पानी पहुंचेगा तो मिट्टी सोना उगलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के हर किसान के खेत तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचाने का संकल्प लिया है और उसी संकल्प की पूर्ति के लिए अधिकारी निरंतर कार्य करें। मध्यप्रदेश में प्रगतिरत विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं को निर्धारित समय अवधि में पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें, जिससे जनता को समय पर उनका पूरा-पूरा लाभ मिल सके।

## हिजबुल्ला का 5 इजराइली ठिकानों पर मिसाइल अटैक

● गैस प्लांट और पाइपलाइन पर इजराइल का हमला

**तेल अवीव/तेहरान (एजेंसी)।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का मंगलवार को 25वां दिन था। ईरान में मंगलवार को कई जगह एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्चर पर हमला हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान के इस्फहान शहर में गैस प्लांट और गैस कंट्रोल स्टेशन को निशाना बनाया गया। इसके अलावा खोर्रमशहर के पावर प्लांट और उसकी गैस पाइपलाइन पर भी हमला हुआ। वहीं लेबनान में ईरान समर्थक उग्रवादी संगठन हिजबुल्लाह ने आज इजराइल के 5 ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन अटैक किया। हिजबुल्लाह ने बताया कि उसने इजराइली सैनिकों की एक छावनी, रडार और तोपखाने को निशाना बनाया। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच हालिया बातचीत के बाद 15 मुद्दों पर सहमति बनी है। इन मुद्दों की पूरी लिस्ट सार्वजनिक नहीं की गई है।

# महिला अधिकारियों को स्थाई कमीशन का पूरा हक

● सुप्रीम कोर्ट ने कहा-भारतीय सेना में भेदभाव ठीक नहीं

**वंचित महिला अधिकारियों को मिलेगा पेंशन का अधिकार**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में मंगलवार को कहा कि सेना, नौसेना और वायुसेना की वे महिला शॉर्ट सर्विस कमीशन अधिकारी, जिन्हें मनमाने मूल्यांकन के कारण स्थायी कमीशन नहीं दिया गया, वे पूर्ण पेंशन संबंधी लाभ पाने की हकदार हैं। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि इन अधिकारियों को पेंशन के लिए आवश्यक न्यूनतम 20 वर्ष की सेवा पूरी करने वाला माना जाएगा, भले ही उन्हें इससे पहले सेवा से मुक्त कर



दिया गया हो। यह फैसला कई याचिकाओं पर आया, जिनमें विंग कमांडर सुचेता एदान और अन्य द्वारा दायर याचिकाएं शामिल थीं, जिन्होंने 2019 की नीतिगत बदलावों को चुनौती दी थी।

## कर्नाटक विधानसभा में गूंजा हिमाचल का आर्थिक संकट

● बीजेपी एमएलए ने सैलरी डेफर पर उठाए कई तीखे सवाल

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश की वित्तीय स्थिति अब राज्य की सीमाओं से बाहर निकलकर अन्य राज्यों की विधानसभाओं में भी चर्चा का विषय बन गई है। कर्नाटक विधानसभा में बजट 2026-27 पर चर्चा के दौरान सोमवार को हिमाचल का मुद्दा जोरदार तरीके से उठा, जहां विपक्ष ने बढ़ती सब्सिडी और आर्थिक प्रबंधन को लेकर सवाल खड़े किए। विधानसभा में विपक्षी भारतीय जनता पार्टी के विधायक वी सुनील कुमार ने कहा कि कर्नाटक में करीब 14 प्रतिशत बजट सब्सिडी योजनाओं पर खर्च हो रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर यही स्थिति जारी रही, हिमाचल जैसी आर्थिक स्थिति होगी।



# सिनर ने तोड़ा जोकोविच का रिकॉर्ड

## लगातार 26 सेट जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने



**मियामी।** इटली के टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर पर लगातार सबसे अधिक सेट जीतने के मामले में नोवाक जोकोविच का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। सिनर ने मियामी ओपन के तीसरे राउंड में कोरेंटिन मूटे को 6-1, 6-4 से हराया। यह मुकाबला 1 घंटा 11 मिनट तक चला। इस जीत के साथ सिनर के लगातार जीते गए सेटों की संख्या 26 हो गई है, जबकि जोकोविच के नाम 24 सेट का रिकॉर्ड था। जोकोविच ने यह उपलब्धि 2016 में इंडियन वेल्स और मियामी के बीच हासिल की थी। नवंबर से जारी है अजेय रहने का सिलसिला सिनर का यह शानदार सफर पिछले साल नवंबर में पेरिस मास्टर्स से शुरू हुआ था। वहां उन्होंने बिना कोई सेट गंवाए खिताब अपने नाम किया था। इसके बाद उन्होंने इसी महीने इंडियन वेल्स ओपन का खिताब भी जीता। म्यूटेट के खिलाफ जीत के साथ ही सिनर ने एटीपी मास्टर्स 1000 लेवल पर लगातार 13 मैच जीतने का रिकॉर्ड भी बना लिया है। मैच के बाद सिनर ने कहा, मैं बहुत खुश हूं। यह खेल अप्रत्याशित है, इसलिए हम जितना हो सके उतना ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करते हैं। अब देखते हैं कि अगले दौर में क्या होता है।

### मिचेलसन से मुकाबला



चौथे दौर में जैनिक सिनर का सामना अमेरिका के एलेक्स मिचेलसन से होगा। मिचेलसन ने अपने तीसरे दौर के मुकाबले में अलेजांद्रो ताबिलो को 3-6, 6-3, 6-4 से हराकर आगे कदम बढ़ाया है। सिनर जिस फॉर्म में चल रहे हैं, उन्हें टूनार्मेंट का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। मियामी ओपन में कार्लोस अल्कराज के बाहर होने के बाद सिनर के पास अपनी रैंकिंग और मजबूत करने का अच्छा मौका है।

## राजस्थान रॉयल्स के बाद बिकी आरसीबी फ्रेंचाइजी

# 16706 करोड़ रुपए में हुआ सौदा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आईपीएल 2026 सीजन से पहले यूनाइटेड स्प्रिट्स लिमिटेड (यूएसएल) ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) फ्रेंचाइजी बेचने का एलान कर दिया है। यूएसएल ने आरसीबी को आदित्य बिरला ग्रुप, द टाइम्स ऑफ इंडिया ग्रुप, बोल्ट वेंचर्स और ब्लैकस्टोन के एक गठजोड़ को 1.78 अरब डॉलर (करीब 16706 करोड़ रुपये) के नकद सौदे में बेच दिया है। गत चैंपियन आईपीएल टीम का स्वामित्व अब इस समूह के पास होगा। एक ही दिन में दो आईपीएल फ्रेंचाइजी को नया मालिक मिला है। इससे पहले, काल सोमानी ने राजस्थान रॉयल्स फ्रेंचाइजी को 1.63 बिलियन अमेरिकी डॉलर (यानी करीब 15290 करोड़ रुपये) में खरीदा था। समाचार एजेंसी के अनुसार, इस समूह ने यूएसएल के साथ फ्रेंचाइजी में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने का समझौता कर लिया है। इस सौदे में आरसीबी की पुरुष और महिला दोनों टीमों को शामिल किया गया है। यूएसएल, ब्रिटेन की डियाजियो की सहायक कंपनी है और वह अब आरसीबी से बाहर निकलना चाहती है क्योंकि यह टीम उनके मुख्य व्यवसाय का हिस्सा नहीं थी।



### बीसीसीआई और आईपीएल की मंजूरी मिलना बाकी

समझौते के तहत एबीजी के निदेशक आर्यमान विक्रम बिड़ला को आरसीबी का चेयरमैन (प्रमुख) बनाया जाएगा, जबकि टाइम्स ऑफ इंडिया के सत्यन गजवानी उनके उप प्रमुख होंगे। इस सौदे को हालांकि अभी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और आईपीएल संचालन समिति के साथ-साथ महिला प्रीमियर लीग और भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग से औपचारिक मंजूरी मिलनी बाकी है। आरसीबी को खरीदने की दौड़ में टाइम्स इंटरनेट के नेतृत्व वाला कंसोर्टियम, एबीजी और आर्सेलरमित्तल के सीईओ आदित्य मित्तल के नेतृत्व वाला मित्तल परिवार भी शामिल था। लेकिन यूएसएल ने आदित्य बिरला ग्रुप की अगुआई वाले कंसोर्टियम (समूह) के साथ करार करने का फैसला किया। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि आरसीबी का स्वामित्व आधिकारिक रूप से कब इस ग्रुप को मिलता है।

### एक ही दिन में दो बड़े सौदे

आईपीएल इतिहास में 24 मार्च 2026 का दिन ऐतिहासिक साबित हो रहा है। इस दिन इस लीग के इतिहास के दो सबसे बड़े सौदे हुए। पहले राजस्थान रॉयल्स को 15000 करोड़ से अधिक में खरीदने पर सहमति बनी जो टूर्नामेंट के इतिहास का सबसे महंगा करार था। लेकिन ये रिकॉर्ड 24 घंटे भी नहीं टिक सका क्योंकि मंगलवार की रात तक यूएसएल ने आरसीबी को 16000 करोड़ से अधिक की कीमत पर बेच दिया। इस तरह ये डील आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा करार बन गया।

**24 गुना ज्यादा में बिकी राजस्थान:** 2008 में जब राजस्थान रॉयल्स को खरीदा गया था, तब इसकी कीमत सिर्फ 67 मिलियन डॉलर थी, जो उस समय लगभग 260-270 करोड़ रुपए के आसपास बैठती थी। अगर उसी 67 मिलियन डॉलर को आज की वैल्यू में देखा जाए, तो यह करीब 628 करोड़ रुपए बनता है। अब 2026 में यही फ्रेंचाइजी करीब 1.63 बिलियन डॉलर (लगभग 15,289 करोड़ रुपए) में बिकी है। यानी, मौजूदा वैल्यू की तुलना 2008 की आज की कीमत (628 करोड़ रुपए) से करें, तो राजस्थान रॉयल्स की कीमत में करीब 24 गुना का उछाल आया है।

## एआईएमआईएम चीफ बोले- हम शोषण के खिलाफ विकल्प

# बंगाल चुनाव में ओवैसी और हुमायूं कबीर का गठबंधन

**कोलकाता, एजेंसी**

कोलकाता में जनता उन्नयन पार्टी के फाउंडर हुमायूं कबीर और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए अपनी पार्टियों के बीच गठबंधन की घोषणा की। इसके बाद दोनों नेताओं ने एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मीडिया को इस बारे में जानकारी दी।

हुमायूं कबीर ने कहा, 'हम पूरे राज्य में 20 रैलियां करेंगे। पहली रैली 1 अप्रैल को बहरामपुर में ओवैसी के साथ होगी।' उन्होंने बताया कि सभी रैलियों का उद्देश्य जनता के बीच जाकर अपनी बात रखना और गठबंधन की ताकत दिखाना है।

असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, 'हमारी कोशिश है कि पश्चिम बंगाल में इस चुनाव में मुस्लिम माइनॉरिटी से एक मजबूत लीडरशिप उभरे। हमने तय कर लिया है कि हम कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। यह गठबंधन सिर्फ इस चुनाव तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे हमारे राजनीतिक मकसद को आगे बढ़ाने के लिए किया गया है।'



### भाजपा बोली- बंगाल में लोग किसी को जल्दी नहीं अपनाते

कोलकाता/चेन्नई। पश्चिम बंगाल चुनाव प्रचार के लिएअसदुद्दीन ओवैसी के कोलकाता पहुंचने पर BJP नेता दिलीप घोष ने कहा, ओवैसी लंबे समय से बंगाल में घुसने की कोशिश कर रहे हैं।कई पार्टियां दूसरी जगहों पर सफल हुई हैं, लेकिन बंगाल में लोग किसी को जल्दी स्वीकार नहीं करते। उन्हें काम करना होगा, लड़ना होगा, फिर बंगाल उन्हें स्वीकार करेगा। दरअसल, ओवैसी की पार्टी ने बंगाल में पूर्व टीएमसी नेता हुमांयू कबीर की आम जनता उन्नयन पार्टी से गठबंधन किया है।उधर तमिलनाडु में तिरुचिरापल्ली के थिरुप्पराईथुराई में 50 से ज्यादा परिवारों ने इस बार विधानसभा चुनावों के बॉयकॉट का ऐलान किया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले 16 साल से वे बिना बिजली, पानी और टॉयलेट के रह रहे हैं।

## धामी बोले-दर्शन कराना हमारी जिम्मेदारी

# चारधाम यात्रा: अब तक हुए 10 लाख पंजीकरण

**देहरादून, एजेंसी**



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि चारधाम यात्रा में देश दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं को दर्शन कराना हमारी जिम्मेदारी है। अब तक यात्रा के लिए 10 लाख तीर्थयात्री पंजीकरण कर चुके हैं। वहीं गढ़वाल मंडल विकास निगम के विश्राम गृह में पांच करोड़ की एडवांस बुकिंग हो चुकी है।

चारधाम यात्रा की तैयारियों पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि चारधाम यात्रा में देश दुनिया से श्रद्धालु आते हैं। 19 अप्रैल से चारधाम यात्रा शुरू हो रही है। सरकार ने 2025 में धामों के कपाट बंद होने के बाद से आगामी चारधाम यात्रा की तैयारियां शुरू कर दी थीं। सड़क, अवस्थापना विकास, आवास, परिवहन व आवास की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

बीते वर्ष प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर आपदा के कारण डेढ़ माह तक चारधाम यात्रा बाधित रही। इसके बावजूद पर 51 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। आगामी यात्रा के लिए अब तक 10 लाख श्रद्धालु पंजीकरण कर चुके हैं। सरकार की प्राथमिकता है कि किसी भी श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

राज्य की भौगोलिक परिस्थिति को देखते हुए यात्रा चुनौतीपूर्ण होती है लेकिन प्रत्येक श्रद्धालु की सुरक्षित यात्रा सर्वोच्च प्राथमिकता है। देवभूमि आने वाले सभी श्रद्धालुओं को दर्शन कराना हमारी जिम्मेदारी है। आपदा के पूर्वानुमान की सूचना भी श्रद्धालुओं की दी जाएगी। यात्रा शुरू होने से पहले वे स्वयं भी यात्रा मार्गों पर जाकर व्यवस्था को परखेंगे। चारधाम यात्रा के दौरान सामान्य स्थिति में श्रद्धालुओं की संख्या में कैपिंग को लेकर किसी तरह के निर्देश नहीं दिए गए।

## कांग्रेस को खाली करना होगा अकबर रोड वाला दफ्तर, जारी हुआ नोटिस

**नई दिल्ली, एजेंसी**

इंडियन नेशनल कांग्रेस को 24 अकबर रोड पर स्थित अपना पुराना ऑफिस जल्द ही खाली करना पड़ सकता है। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक एस्टेट विभाग ने बुधवार को पार्टी को एक नोटिस जारी किया है, जिसमें उन्हें 28 मार्च तक अपना दफ्तर खाली करने का निर्देश दिया गया है। वहीं इंडियन यूथ कांग्रेस के 5 रायसीना रोड स्थित ऑफिस के लिए भी इसी समय सीमा के साथ एक और नोटिस जारी किया गया है। बता दें कि अकबर रोड स्थित यह बंगला 48 सालों तक कांग्रेस पार्टी का मुख्यालय रहा है। पार्टी ने पिछले साल विपक्षी कोटला मार्ग पर अपना नया दफ्तर




'इंदिरा भवन' खोले जाने के बाद भी अकबर रोड परिसर को अभी तक खाली नहीं किया गया है और पार्टी की गतिविधियां अभी भी वहीं से चल रही हैं। कांग्रेस नेताओं ने संकेत दिए हैं कि किसी भी तरह जबरन बेदखली को रोकने के लिए पार्टी शायद अदालत का दरवाजा खटखटाएगी।

## इंदौर-देवास सहित कई जगहों पर अफवाह से बिगड़ी बात

# भीड़ ने खाली किए पेट्रोल टैंक, कई इलाकों में स्टॉक खत्म

**रणजीत टाइम्स**

शहर में मंगलवार रात इंटरनेट पर फैली एक अफवाह ने कई जगहों पर ईंधन आपूर्ति की पूरी व्यवस्था बिगाड़ दी है। वैश्विक परिस्थितियों के कारण पेट्रोल-डीजल की किल्लत होने की झूठी खबर के चलते बीती रात से ही पेट्रोल पंपों पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इसका नतीजा यह हुआ कि बुधवार सुबह शहर के कई प्रमुख पंपों पर स्टॉक पूरी तरह खत्म हो गया।

एबी रोड स्थित रसोमा चौराहे के रघुनाथ पंप, लक्ष्मी पंप और पलासिया क्षेत्र सहित कई इलाकों में पेट्रोल-डीजल उपलब्ध नहीं होने के कारण वाहनों के पहिये थम गए हैं। हालांकि, पंप संचालकों ने स्पष्ट किया है कि शहर में





ईंधन की कोई कमी नहीं है, केवल अचानक बढ़ी अत्यधिक खपत के कारण स्टॉक जीरो हुआ है।संचालकों के अनुसार, दोपहर तक तेल के टैंकर पहुंचने की संभावना है, जिसके बाद वितरण कार्य फिर से सुचारू रूप से शुरू कर दिया जाएगा। देवास में सुबह से पेट्रोल पंप पर कतार देखने को मिली। लोग अधिक मात्रा में पेट्रोल-डीजल ले रहे। ग्रामीण अंचल में किसानों का आरोप है कि उन्हें पर्याप्त डीजल नही मिल पा रहा। प्रशासन का दावा है कि स्टॉक पर्याप्त है। लोग अफवाहों से बचें। मंगलवार देर रात एसपी ने शहर के पेट्रोल पंप पहुंचकर स्थिति देखी। पंप संचालकों से बात भी की। उन्होंने लोगों को पैनिक न होने की समझाइश दी।

# भाषा, पहचान और चुनावी समीकरण के मायने?

केरल का नाम 'केरलम' किया जाना और मलयालम को राज्य की आधिकारिक भाषा की मंजूरी मिलने को कुछ लोग संयोग बता सकते हैं। हालांकि, यह महज संयोग नहीं है। केरल में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों के संदर्भ में राजनीतिक दलों द्वारा इन कदमों का श्रेय लेने की होड़ मचना स्वाभाविक है। पर भाषा विधेयक को लेकर केरल की सीमा के बाहर सवाल भी उठने शुरू हो गए हैं। मलयालम को केरल की आधिकारिक भाषा बनाने का पहला प्रयास करीब दस साल पहले कांग्रेस की अगुआई वाली संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा, यानी यूडीएफ की सरकार ने किया था। पर तब कर्नाटक सरकार ने एतराज जताया था। राष्ट्रपति ने इसे 1963 के ऑफिशियल भाषा एक्ट के नियमों को हटाकर जमा करने के सुझाव के साथ वापस भेज दिया था। फिर दस साल बाद मौजूदा वाममोर्चा की सरकार ने इसे नए रूप में पारित किया। कर्नाटक इस बार भी इसका विरोध कर रहा है। नए कानून के तहत सरकारी और सरकारी अनुदान प्राप्त स्कूलों में कक्षा 10 तक मलयालम को पहली भाषा के तौर पर अनिवार्य रूप से पढ़ाना जरूरी होगा। इसके साथ ही, अदालती फैसले और कार्यवाही भी अनिवार्य तौर पर मलयालम भाषा में अनूदित की जाएगी। अब से राज्य विधानसभा में सभी बिल और अध्यादेश मलयालम में पेश किए जाएंगे। राज्य सचिवालय में मौजूदा पर्सनल एंड एडमिनिस्ट्रेटिव रिफॉर्म्स (ऑफिशियल लैंग्वेज) विभाग का नाम बदलकर मलयालम भाषा विकास विभाग किया जा रहा है। साथ ही, राज्य में मलयालम भाषा विकास निदेशालय भी गठित किया जाएगा। केरल का यह कदम क्रांतिकारी और भारतीय भाषाओं के हित में है, पर कर्नाटक की आपत्तियों को भी अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए। कर्नाटक सरकार का तर्क है कि यह कानून केरल में रहने वाले कन्नड़ भाषी अल्पसंख्यकों की भाषाई अस्मिता के लिए खतरा है।